# आयुक्त ने निर्माणाधीन MRF प्लांट एवं आवास का किए औचक निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 02 वैशालीनगर अंतर्गत निर्माणाधीन एम.आर.एफ. प्लांट, एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं जोन 1 खम्हरिया प्रधानमंत्री आवास का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त द्वारा जामुल ट्रेचिंग ग्राउण्ड के समीप निर्माणाधीन मटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) प्लांट का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ता एवं समयावधि का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं एजेंसी अनुराग शर्मा को निर्देशित किये हैं। गोठान को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से कुछ मवेशियों को शिफ्टिंग के संबंध में भी जोन आयुक्त ऐशा लहरे के साथ चर्चा की गई। निगम आयुक्त द्वारा समीपस्थ एसएलआरएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया । कार्यरत स्वच्छता दीदियों के उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया गया। कार्य की आवश्यकता और मांग के अनुरूप दीदियों के नियोजन किये जाने के संबंध में सुझाव दिये, जिससे व्यय के अनुरूप कार्य का सही प्रबंधन किया जा सके। कुरूद कैलाश नगर स्थित कृष्णकुंज उद्यान के समीप निगम का रिक्त भूमि है, उक्त स्थल में तार से फेंसिंग कर पौधारोपण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे । जोन 1 अंतर्गत खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण किया गया है। जहां कुछ परिवार निवास करना प्रारंभ कर दिए हैं, निर्माणकर्ता एजेंसी को मकान का कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। निर्माण कार्य अंतिम स्थिति में है, जल्द ही लोगों को बकाया आवास मिलेगी। आवास निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, आदित्य सिंह एवं एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

